MILLENNIUM POST, Delhi, 25.8.2025
Page No. 9, Size:(24.90)cms X (14.10)cms.

OUTPERFORMS RIVAL PSUs IN Q1

# Bharat Petroleum Corp records industry-best per-pump sales

## IOC, BPCL and HPCL reported a combined profit of Rs 16,184 crore in Q1 FY26 - more than two-and-a-half times higher year-on-year

OUR CORRESPONDENT

**NEW DELHI:** State-owned fuel retailers reported bumper profits in the June quarter, as a freeze on retail prices boosted petrol and diesel margins, offsetting earlier inventory losses.

Indian Oil Corporation (IOC), Bharat Petroleum Corporation Ltd (BPCL) and Hindustan Petroleum Corporation Ltd (HPCL) reported a combined profit of Rs 16,184 crore in April-June, the first quarter of FY26 - more than two-and-a-half times higher year-on-year, according to regulatory filings by the companies.

Among the three, BPCL led with a Rs 6,124 crore profit, surpassing IOC's Rs 5,689 crore, despite being nearly half its size. HPCL posted a net profit of Rs 4,371 crore in Q1.

BPCL also fared well on refining margins, earning $4.88 in turning every barrel of crude oil into fuels like petrol and diesel.

This was better than the $2.15 per barrel gross refining margin of IOC and the $3.08 of HPCL. Its refinery run rate at 118 per cent (of installed capacity) was higher than 107 per cent of IOC and 10.9 per cent of HPCL.

At 153 kilolitre per month, BPCL sold more fuel per pump than its other public sector rivals. IOC had a throughput of 130 per kl per retail out in Q1.

The bumper earnings in April-June were buoyed by the retailers' earning an estimated Rs 10.3 per litre margin on petrol sale (Rs 4.4 a year earlier) and Rs 8.2 per litre on diesel (Rs 2.5 last year), according to brokerage ICICI Securities.

This after the three kept retail rates steady despite a 21 per cent drop in input crude oil prices and a 16-18 per cent reduction in benchmark international fuel rates.

The extraordinary marketing margin helped offset inventory losses that arose from the fall in crude oil prices between the time it was procured and turned into fuel for sale.

IOC alone booked an inventory loss of Rs 6,465 crore in the June quarter against a gain of Rs 3,345 crore in the year-ago period. After adjusting for inventory losses, its gross refining margin (GRM) should have been $6.91 per barrel compared to $2.84 last year.

HPCL had an inventory loss of about Rs 2,000 crore in the quarter.

The companies registered profits despite the unpaid LPG subsidy. While the government has announced Rs 30,000 crore as a subsidy to cover the losses the three firms suffered on selling cooking gas at rates lower than their cost, the modalities of payments are yet to be announced.

In the absence, the three booked losses on LPG - Rs 3,719 crore by IOC, Rs 2,076 crore by BPCL and Rs 2,148 crore by HPCL.

**Among the three, BPCL led with a Rs 6,124 crore profit, surpassing IOC's Rs 5,689 crore, despite being nearly half its size. HPCL posted a net profit of Rs 4,371 crore in Q1 FY26**

### Highlights

- » At 153 kilolitre/month, BPCL sold more fuel per pump than its other public sector rivals
- » BPCL also fared well on refining margins, earning $4.88 in turning every barrel of oil into fuels like petrol & diesel
- » This was better than the $2.15 per barrel gross refining margin of IOC and the $3.08 of HPCL
- » Its refinery run rate at 118% (of installed capacity) was higher than 107% of IOC and 10.9% of HPCL

MILLENNIUM POST, Delhi, 25.8.2025
Page No. 9, Size:(23.96)cms X (13.26)cms.

# Fuel efficiency can drop by 2-5% due to E20 petrol, say experts

*'In non E20 compliant vehicles, there could be erosion of gaskets, fuel rubber hoses and pipes in the long term'*

**NEW DELHI:** The usage of 20 per cent ethanol-blended petrol in vehicles could lead to a 2-5 per cent drop in fuel efficiency, depending on the type of cars, according to automotive industry experts.

In the midst of social media debate over the impact of E20 fuel on vehicles, automotive engineers working with some of the major automakers, said that in older vehicles, which are not E20 compliant, there could be erosion of gaskets, fuel rubber hoses and pipes in the long term, but not immediately.

"There can be a drop in mileage ranging from 2-5 per cent, depending on the type of vehicle. This is purely because of the lower calorific value of ethanol compared to petrol," said an expert requesting anonymity.

Earlier this month, the Oil Ministry clarified that "the critiques suggest that E20 causes a 'drastic' reduction in fuel efficiency are misplaced". However, it did not state the percentage drop in fuel efficiency.

"The efficiency drop (if any) in E10 vehicles has been marginal. For some manufacturers, vehicles have been E20 compatible from as far back as 2009. The question of any drop in fuel efficiency in such vehicles does not arise," the ministry had said.

**'There can be a drop in mileage ranging from 2-5%, depending on the type of vehicle. This is purely because of the lower calorific value of ethanol compared to petrol'**

## Key Points

- Earlier this month, Oil Ministry clarified that 'the critiques suggest that E20 causes a 'drastic' reduction in fuel efficiency are misplaced
- 'The efficiency drop (if any) in E10 vehicles has been marginal. For some manufacturers, vehicles have been E20 compatible from as far back as 2009'
- 'The question of any drop in fuel efficiency in such vehicles does not arise,' ministry had said

The ministry also stated that "vehicles tuned for E20 deliver better acceleration, which is a very important factor in city driving conditions. Additionally, ethanol's higher heat of vaporisation reduces intake manifold temperatures, increasing air-fuel mixture density and boosting volumetric efficiency".

On August 4, the ministry, in a post on X, said: "Ethanol, being lower in energy density than petrol, results in a marginal decrease in mileage, estimated at 1-2 per cent for four-wheelers designed for E10 and calibrated for E20, and around 3-6 per cent in others".

A Tata Motors spokesperson said, "Our vehicles are E20 compliant".

Another expert said, "E20 usage will not have any impact on engines of compliant vehicles, as the materials are tuned for it. However, in vehicles, which are not E20 compatible, there could be erosion of gaskets and fuel rubber hoses and pipes in the long term, but not immediately". PTI

BUSINESS LINE, Delhi, 25.8.2025
Page No. 7, Size:(19.20)cms X (16.73)cms.

BINDING FACTOR

# Green hydrogen: ligands make it cheaper

**NOT FEASIBLE.** Currently, the most effective electrocatalysts are based on platinum, which is expensive and not easily available

K Bharat Kumar

Toyota Chairman Akio Toyoda is reported to have recently said that one electric vehicle (EV) causes as much pollution as 3 hybrid vehicles put together.

Given the catastrophic impact of climate change that is already upon us, green fuels such as hydrogen are likely the way forward.

But if the process of splitting hydrogen from, say, water, releases carbon into the atmosphere, then it won't contribute to 'clean' energy. And, current methods of producing truly green hydrogen are expensive.

A research team from Ashoka University focused on electrocatalytic hydrogen production — i.e., the process of producing hydrogen by using catalysts to help split water ($H_2O$) molecules into hydrogen and oxygen.

The performance of electrocatalysts is crucial in making the process energy-efficient.

Electrocatalysts are materials that speed up chemical reactions and the more efficient ones need less energy for these reactions.

Currently, the most effective electrocatalysts are based on platinum, which is expensive and not easily available.

This has driven researchers to find more affordable alternatives, particularly those derived from the likes of nickel, iron, cobalt, copper and zinc.

Says Assistant Professor Dr Munmun Ghosh of the research team, "We designed a ligand, combined it with different metals to see how each such complex behaved."

**MISSING LINK.** A catalyst's effectiveness is indicated by its 'overpotential' and 'turnover frequency'. Lower overpotential and higher frequency suggest a productive and energy-efficient catalyst ISTOCKPHOTO

### WHAT IS A LIGAND?

In chemistry, a ligand is a molecule that bonds with a metal ion to form a complex. In biochemistry, a good example of a ligand is in haemoglobin. Oxygen that we breathe in combines with iron and this complex helps transport oxygen — which acts as the ligand — from the lungs to other parts of the body.

And this, says Dr Ghosh, is where her background in biomimetic research helped. "I see what nature has and from there I try to mimic those for scientific purposes."

In the experiment with metal ligands, the research team found that the nickel-ligand combination showed the most promise in efficiently producing hydrogen gas. Other complexes tested include copper, cobalt, zinc and iron.

### TURNOVER FREQUENCY

A catalyst's effectiveness is indicated by what scientists call its 'overpotential' and 'turnover frequency'. Overpotential is the additional electrical energy needed beyond the minimum to drive the reaction. A lower overpotential means the catalyst is more energy-efficient.

Turnover frequency measures how quickly the catalyst can produce hydrogen. A higher frequency signals a more productive catalyst.

### WHY LIGAND AT ALL?

Why not use just the metal? Why use ligands to bond with the metal? Says Dr Ghosh, "My overpotential will be much higher with just the metal. A ligand helps decrease the overpotential and make the process more efficient."

The team showed that the nickel-ligand complex's catalytic rates were "comparable to some of the best; and in terms of overpotential, it performs better than certain previously reported nickel and iron systems".

Put simply, nickel was the best among the metals tested, in efficiency terms.

However, cobalt is best in overpotential which was at 200 millivolt, which, Dr Ghosh says is comparable to good catalysts. Platinum has an overpotential measure of 30 millivolt. Without a ligand, a metal-only catalyst may touch overpotential levels of up to 1 volt, which is too high in such processes, points out Dr Ghosh.

Assistant Professor Dr Deepak Asthana, a member of the research team, says that experimental evidence showed that the ligand, rather than the metal, was the key 'participant' in the hydrogen production process. The metal itself could have done the job but it's like doing a lot of hard work single-handedly, which results in high overpotential (or requiring a lot of energy) to accomplish the task. The metal-ligand combine helps bring down the energy requirement. That's why, says Dr Ghosh, "Ligand design is very important."

Now, why electrochemistry, is a natural question to ask, says Dr Ghosh. "Electrochemistry helps achieve high atom economy or atom efficiency — meaning all or most of the input material is used in the end product, resulting in minimal waste," she points out.

Designing the ligand is key, she says. That means several things. But the simplest way to describe it is that the design helps researchers achieve the end-result.

"You can design the ligand in such a way that it releases electrons to the metal, or such that it accepts electrons from the metal. It depends on what you wish to achieve. The ligand plays a role in keeping the metal component stable. Without stability, the catalyst doesn't survive," she says.

The study is only the first step, points out Dr Asthana. "What we have learnt from the study is that narrowing down on nickel-ligand combination is a good first step. It's not the best solution yet. But it's competitive. The study shows promise that we can work on the design, modify it and potentially come up with a system that is as efficient and stable as costly, metal-based systems," he says.

We value your feedback.
Do send your comments to
**quantum@thehindu.co.in**

BUSINESS LINE, Delhi, 25.8.2025
Page No. 2, Size:(12.13)cms X (11.17)cms.

# Nayara says fleet bringing crude regulated by Indian laws, insured in Russia

Richa Mishra
Hyderabad

Nayara Energy Ltd, which mainly depends on Russian crude oil to fire the Vadinar refinery in Gujarat, has said it is operating in full compliance with Indian laws, including those that govern fleet used for sourcing crude oil to its refinery and for carrying finished products. Moreover, the ships are all insured in Russia.

Recently Nayara, co-owned by PJSC NK Rosneft — Russian state-owned oil company, and Kesani Enterprises Company Ltd — an investment consortium formed by Mareterra Group (through its subsidiary Hara Capital Sarl) and the Russian investment group UCP, has come under international scrutiny.



**'NOT DARK FLEET'.** The ships that are carrying finished products from the refinery within Indian waters are approved by DG Shipping, the source said REUTERS

## KEY PLAYER

According to sources closely associated with the developments, though the main supply is now coming from Russia for the refinery, Nayara continues to source crude supply on a regular basis from other geographies and traders too. "The refinery is operating at a healthy run rate with steady crude throughput. This also ensures that Nayara is able to maintain continuity of production supplies across its 6,700 plus fuel stations and oil marketing company commitments," a source told *businessline*.

The Vadinar refinery's complexity of 12.17 allows it to refine crude from various geographies efficiently. The source also pointed out that Nayara is getting its crude supplies through a fleet that is regulated by Indian laws and, hence, cannot be labelled as a 'shadow fleet'. Moreover, the ships that are carrying finished products from the refinery within Indian waters are approved by DG Shipping, the source said, adding that "so these ships are not dark or shadow fleet."

## WIDER REACH

Elaborating further, the source said, "Ships that are transporting crude for Nayara are all insured in Russia. Only those ships that can't carry crude to India, that have insurance in EU or EU affiliated nations have insurance concerns, if any." As regards the ongoing global developments impacting Nayara's engineering, procurement and construction operations, the source said the contractors are not restricted to one or two geographies, and even local Indian contractors can be considered so that business is not impacted.

Nayara contributes approximately 8 per cent of India's total refining capacity, 7 per cent of India's retail petrol pump network and estimated 8 per cent of polypropylene capacity. Since August 2017, over ₹14,000 crore in various projects within India, including upgrading existing refining facilities, have been invested.

It is investing in a new petrochemical plant and other new infrastructure projects. It has said that it will continue to invest over ₹70,000 crore in the long term towards petrochemicals, ethanol plants, marketing infrastructure expansion and refinery reliability, including ESG projects.

MILLENNIUM POST, Delhi, 25.8.2025
Page No. 4, Size:(24.90)cms X (14.13)cms.

# Nikki Haley urges India to take Trump's view on Russian oil seriously

**NEW YORK:** India should take President Donald Trump's concerns over its procurement of Russian crude oil seriously and work with the White House to find a solution to the issue, Republican leader Nikki Haley has said.

The Trump administration has been severely critical of India for its procurement of discounted crude oil from Russia. Interestingly, Washington has not been criticising China, the largest importer of Russian crude oil. Defending its purchase of Russian crude oil, India has been maintaining that its energy procurement is driven by national interest and market dynamics.

Haley, the Indian-origin Republican leader, on Saturday posted on 'X' a portion of an opinion piece she wrote in the Newsweek four days back.

The former South Carolina governor's social media post urging New Delhi to take President Trump's concerns over the Russian crude oil seriously came after she faced criticism within her party following the opinion piece.

In the article, Haley argued that India must be treated like the "prized free and democratic partner that it is—not an adversary like China."

Republican leader Nikki Haley

"Scuttling 25 years of momentum with the only country that can serve as a counterweight to Chinese dominance in Asia would be a strategic disaster," she wrote.

In her post on Saturday, Haley said, "India must take Trump's point over Russian oil seriously, and work with the White House to find a solution. The sooner the better."

"Decades of friendship and goodwill between the world's two largest democracies provide a solid basis to move past the current turbulence," she said.

"Navigating issues like trade disagreements and Russian oil imports demands hard dialogue. But, we should not lose sight of what matters most: our shared goals. To face China, the United States must have a friend in India."

A number of officials of the Trump administration have been critical of India for its energy ties with Russia.

White House Trade Adviser Peter Navarro on Wednesday accused India of running a "profiteering scheme" by using discounted Russian crude oil and then selling refined petroleum products at premium prices in Europe and other places.

Washington has been arguing that India's purchases of Russian crude oil are funding Moscow's war in Ukraine.

India has strongly rejected the charges.

"It's funny to have people who work for a pro-business American administration accusing other people of doing business," External Affairs Minister S Jaishankar said on Saturday.

He was responding to a question on the US criticism of India on the crude oil issue during an event. AGENCIES

# ONGC gen manager cheated of ₹7.4 crore

**DEHRADUN:** A general manager of the State-owned Oil and Natural Gas Corporation Limited (ONGC) was allegedly duped of ₹7.39 crore by cyber fraudsters, who lured him of hefty returns by investing in the market.

Sanjeev Kumar Arya, ONGC Agartala GM and a resident of Ajabpur Khurd in Dehradun, said he had joined a WhatsApp group called M2 Wealth Secrets Exchange Group after receiving an invite link on June 15. HTC

# Petro products exports down 16% in April-July

ARUNIMA BHARADWAJ
New Delhi, August 24

## LESS SHIPMENTS




**INDIA'S EXPORTS OF** petroleum products fell 16% year-on-year to $12.3 billion in the first four months of FY26, down from $14.7 billion in the same period last year, according to data from the Petroleum Planning and Analysis Cell (PPAC).

In volume terms, however, exports remained largely unchanged at 20.1 million tonne during the period.

Imports of refined oil products declined by 4% on-year to $7.6 billion during the four-month period. The country imported 16.7 million tonne of petroleum products, largely unchanged from the same period of last fiscal.

Looking ahead, India's refined oil exports face fresh headwinds following the European Union's latest sanctions package on Russia. Europe has emerged as India's biggest market for refined fuel since the outbreak of the Russia-Ukraine war, and new restrictions could significantly disrupt flows.

As part of its measures against Moscow, the EU has imposed sanctions on the Indian oil refinery owned by Rosneft-backed Nayara Energy and tightened the oil price cap. Additional restrictions include new banking curbs and a ban on the Nord Stream pipelines.

In a legal text on sanctions, the EU also said, "Petroleum products imported from third countries which were net exporters of crude oil in the previous calendar year shall be considered to have been obtained from domestic crude oil and not from crude oil originating in Russia, unless a competent authority has reasonable grounds to believe that they have been obtained from Russian crude oil."

Nayara Energy pushed back against the measures, stating its refinery continues to run smoothly and supply the domestic market. "Despite the supply chain inhibitions caused due to the EU sanctions, we remain committed in maintaining reliable transportation of our products via coastal, rail, and road networks to efficiently serve our customers and ensure there is no impact to our Indian consumers," it said.

Given the banking, shipping, and regulatory complexities inherent in executing sanctioned barrels, both public and private refiners may have to hedge via term deals, diversify sourcing, or pass on costs.

MORNING STANDARD, Delhi, 25.8.2025
Page No. 1, Size:(8.49)cms X (12.96)cms.

# TN green nod to ONGC drill fuels concerns

SV KRISHNA CHAITANYA @ Chennai

A few hours after reports emerged that the State Environment Impact Assessment Authority (SEIAA) has granted environmental clearance to the Oil and Natural Gas Corporation Limited (ONGC) for drilling 20 onshore exploratory wells in Ramanathapuram district, Environment and Climate Change Minister Thangam Thennarasu said the state has advised the SEIAA to withdraw the clearance accorded to the ONGC. In a statement issued on Sunday evening, Thennarasu said the government "would not allow any project relating to hydrocarbon in any part of the state, either now or in the future".

"Considering the welfare of farmers and the general public, it is the firm policy decision of CM MK Stalin that no hydrocarbon-related projects can be permitted in any part of TN," Thennarasu's statement said. Environmentalists say the block where the 20 exploratory wells are proposed is close to the ecologically sensitive areas like Gulf of Mannar Marine National Park and several notified bird sanctuaries. The environmental clearance has also raised questions over transparency.

# ई20 पेट्रोल के कारण ईंधन दक्षता में गिरावट संभव: कार विशेषज्ञ

एजेंसी ■नई दिल्ली

वाहनों में 20 प्रतिशत एथनॉल (ई20) मिश्रित पेट्रोल के इस्तेमाल से कारों के प्रकार के आधार पर ईंधन दक्षता में 2-5 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। ऑटोमोटिव उद्योग के विशेषज्ञों ने यह बात कही। वाहनों पर ई20 ईंधन के प्रभाव को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही बहस के बीच कुछ प्रमुख वाहन विनिर्माताओं के साथ काम करने वाले इंजीनियरों से बात की। उन्होंने कहा कि पुराने वाहनों, जो ई20 मानकों के अनुरूप नहीं हैं, में लंबे समय में गैस्केट, ईंधन रबर होज और पाइप का क्षरण हो सकता है, लेकिन ऐसा तुरंत नहीं होगा नाम न छापने की शर्त पर एक विशेषज्ञ ने कहा, वाहन के प्रकार के आधार पर माइलेज में 2-5 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। ऐसा पूरी तरह से पेट्रोल की तुलना में इथेनॉल के कम कैलोरी मान के कारण है। इस महीने की शुरुआत में तेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया था कि यह आलोचना कि ई20 ईंधन दक्षता में भारी कमी लाता है, गलत है। हालांकि इसमें ईंधन दक्षता में प्रतिशत गिरावट का उल्लेख नहीं किया गया था। टिप्पणी के लिए संपर्क करने पर प्रमुख वाहन विनिर्माताओं मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर इंडिया ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। टाटा मोटर्स के एक प्रवक्ता ने कहा, हमारे वाहन ई20 के अनुरूप हैं। एक अन्य विशेषज्ञ ने कहा, ई20 के उपयोग का अनुपालन करने वाले वाहनों के इंजनों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, ई20 के अनुकूल नहीं होने वाले वाहनों में लंबे समय में गैसकेट और ईंधन रबर होज और पाइप का क्षरण हो सकता है, लेकिन ऐसा तुरंत नहीं होगा। सरकार ने उत्सर्जन में कमी लाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत गन्ने या मक्का से निकाले गए एथनॉल की 20 प्रतिशत मात्रा को पेट्रोल के साथ मिलाने के लिए कदम उठाया है।

RASHTRIYA SAHARA, Delhi, 25.8.2025
Page No. 11, Size:(18.26)cms X (18.76)cms.

# ई20 पेट्रोल से ईंधन दक्षता में आ सकती है गिरावट

**नई दिल्ली (भाषा)।** वाहनों में 20 प्रतिशत एथनॉल (ई20) मिश्रित पेट्रोल के इस्तेमाल से कारों के प्रकार के आधार पर ईंधन दक्षता में 2-5 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। ऑटोमोटिव उद्योग के विशेषज्ञों ने यह बात कही। वाहनों पर ई20 ईंधन के प्रभाव को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही बहस के बीच कुछ प्रमुख वाहन विनिर्माताओं के साथ काम करने वाले इंजीनियरों से बात की। उन्होंने कहा कि पुराने वाहनों, जो ई20 मानकों के अनुरूप नहीं हैं, में लंबे समय में गैस्केट, ईंधन रबर होज और पाइप का क्षरण हो सकता है।

नाम न छापने की शर्त पर एक विशेषज्ञ ने कहा, 'वाहन के प्रकार के आधार पर माइलेज में 2-5 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। ऐसा पूरी तरह से पेट्रोल की तुलना में इथेनॉल के कम कैलोरी मान के कारण है।' इस महीने की शुरुआत में तेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया था कि यह आलोचना कि ई20 ईंधन दक्षता में भारी कमी लाता है, गलत है। हालांकि इसमें ईंधन दक्षता में प्रतिशत गिरावट का उल्लेख नहीं किया गया था। टिप्पणी के लिए संपर्क करने पर प्रमुख वाहन विनिर्माताओं मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर इंडिया ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। टाटा मोटर्स के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हमारे वाहन ई20 के अनुरूप हैं।'

एक अन्य विशेषज्ञ ने कहा, 'ई20 के उपयोग का अनुपालन करने वाले वाहनों के इंजनों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, ई20 के अनुकूल नहीं होने वाले वाहनों में लंबे समय में गैसकेट और ईंधन रबर होज और पाइप का क्षरण हो सकता है, लेकिन ऐसा तुरंत नहीं होगा।

BUSINESS STANDARD HINDI, Delhi, 25.8.2025
Page No. 5, Size:(38.38)cms X (24.31)cms.

# कच्चे तेल से मिले कड़वे सबक

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का दबाव, एक सोची समझी रणनीति हो सकती है। इसका मकसद यूक्रेन के मामले में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन पर दबाव डालना और हमारे व्यापार वार्ताकारों से कुछ रियायतें हासिल करना हो सकता है। लेकिन ट्रंप का यह दावा हमारे लिए और भी अपमानजनक है कि एक अमेरिकी कंपनी, पाकिस्तान के 'विशाल' तेल भंडार का पता लगा सकती है और इसका कुछ हिस्सा भारत को बेचा जा सकता है।

भारत, जरूरत पड़ने पर बिना अधिक अतिरिक्त लागत के कई दूसरे देशों से तेल खरीद सकता है। आधिकारिक बयानों के मुताबिक, हम हर दिन जो 50 लाख बैरल तेल का आयात करते हैं, वह अब 40 अलग-अलग देशों से आता है। लेकिन ऐसा करने पर हमें राजनीति, नियमों के अनुपालन और प्रतिष्ठा से जुड़ी कुछ परेशानियां हो सकती हैं और भारत के प्रसंस्कृत पेट्रोलियम निर्यात पर भी असर पड़ सकता है। यह सब हमें उभरती हुई वैश्विक व्यवस्था की कड़वी भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा के बारे में अहम सबक सिखाता है।

कई लोगों का मानना है कि ट्रंप की भू-राजनीतिक रणनीतियां, अमेरिका के तेल उत्पादन और निर्यात को बनाए रखने के उद्देश्य से जुड़ी हैं ताकि तेल की कीमतें अभी के ऊंचे स्तर पर बनी रहें। कच्चा तेल और गैस कंपनियों को (जिन्होंने पिछले एक दशक में अमेरिका में उत्पादन बढ़ाया है) मुनाफे में रहने के लिए 60-65 डॉलर प्रति बैरल से अधिक की कीमतों की जरूरत होती है। कई उत्पादक शेल बेसिन अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं और ट्रंप की 'ड्रिल' करने की अपील के बावजूद, कंपनियां उत्पादन बढ़ाने के बजाय शेयरधारकों को रिटर्न देने को प्राथमिकता दे रही हैं।

तेल और गैस अमेरिका की सबसे बड़ी निर्यात वस्तुएं हैं, लेकिन ट्रंप द्वारा घोषित किए जाने वाले अरबों के ऊर्जा निर्यात के लिए यह जरूरी है कि कीमतें गिरें नहीं, भले ही तेल निर्यात करने वाले देशों का संगठन ओपेक+ उत्पादन में कटौती खत्म कर दे और वैश्विक आपूर्ति बढ़ा दे। ट्रंप वास्तव में ओपेक की इस लंबी रणनीति से वाकिफ हैं कि वह 2015 के बाद अमेरिका के हाथों गंवाए गए बाजार हिस्से को वापस पाना चाहता है।

रंजन मथाई

भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है जो हर दिन कच्चे तेल के आयात पर करीब 40 करोड़ डॉलर खर्च करता है। इसी वजह से भारत तेल बेचने वालों के लिए एक बड़ा बाजार है। लेकिन, अपनी खपत के लगभग 90 फीसदी हिस्से के लिए आयात पर निर्भर होने के कारण, हमारी आर्थिक तरक्की पर भू-राजनीतिक जोखिमों का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में देश में घरेलू उत्पादन बढ़ाना अब एक आवश्यक रणनीति बन गई है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल के वर्षों में किए गए बड़े सुधारों का जिक्र किया है। वर्ष 2022 से, करीब 10 लाख वर्ग किलोमीटर के उन क्षेत्रों को भी खोज के लिए खोल दिया गया है जहां के लिए पहले मनाही थी। 29 जुलाई को उन्होंने राज्य सभा में बताया कि 2015 से अब तक 172 हाइड्रोकार्बन खोज किए गए हैं, जिनमें से 62 समुद्र में हैं। हालांकि उन्होंने जो आंकड़े दिए, उनके हिसाब से सिर्फ 60 करोड़ बैरल का अतिरिक्त संभावित भंडार मिला है, जिसमें से कुछ ही निकाला जा सकता है। यह मात्रा बहुत कम है।

नए खुले क्षेत्रों में अभी तक पर्याप्त खोज नहीं हो पाई है क्योंकि भारत में खोज और उत्पादन को आकर्षक बनाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं किया गया है। असल समस्या यह है कि पुरी, उन लोगों के कारण बंधे हाथों से काम कर रहे हैं जो कर लगाने का काम देखते हैं, जिनके लिए तेल उद्योग सिर्फ राजस्व का एक स्रोत है और वे इससे लगातार पैसा निकालना चाहते हैं।

वर्ष 2022 में, तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने 2025 तक 5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में अन्वेषण करने का लक्ष्य रखा था। अब इस लक्ष्य को 2030 तक बढ़ा दिया गया है जबकि अभी तक सिर्फ 1.8 लाख वर्ग किलोमीटर में ही खोज हो पाई है! फरवरी 2025 में ओएनजीसी ने निवेशकों को बताया कि उसने 2024 में अन्वेषण से जुड़ी ड्रिलिंग पर करीब 10,000 करोड़ रुपये खर्च किए। लेकिन शायद उन्होंने यह नहीं बताया कि तेल उद्योग विकास उपकर के रूप में भी करीब 14,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए। 1970 के दशक से चला आ रहा यह उपकर, तेल उद्योग के विकास के लिए नहीं है बल्कि कई दशकों से यह सिर्फ वित्त मंत्रालय की तेल कंपनियों पर कर लगाने की अतृप्त इच्छा को पूरा कर रहा है। पिछले तीन साल में उपकर के रूप में हासिल लगभग 43,000 करोड़ रुपये से खोज गतिविधियों में बहुत अधिक बढ़ोतरी हो सकती थी।

भारत के घरेलू तेल उत्पादकों ने 2022-24 में 'विंडफॉल टैक्स' के रूप में भी उद्योग से निकाले गए करीब 45,000 करोड़ रुपये का एक बड़ा हिस्सा चुकाया। हालांकि नए निवेशों को कोई छूट नहीं मिली जैसा कि ब्रिटेन में हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल कंपनियों ने जिनके पास अन्य जगहों पर भी निवेश के अच्छे मौके थे, उन्होंने भी इंतजार करने की नीति अपनाई ताकि यह देखा जा सके कि नीतिगत सुधारों के साथ-साथ खोज के जोखिमों की वित्तीय भरपाई हो पाएगी या नहीं।

हालांकि, कुछ हाल के घटनाक्रमों से घरेलू उत्पादन में सुधार की उम्मीद जगी है। फरवरी में, ओएनजीसी ने भारत पेट्रोलियम (बीपी) के साथ एक तकनीकी सेवा प्रदाता के रूप में अनुबंध किया, ताकि मुंबई के पुराने तेल क्षेत्र से उत्पादन में 40 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी की जा सके। हाल ही में जारी किया गया पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियम मसौदा, दूसरे पुराने क्षेत्रों में भी खोज को बढ़ावा दे सकता है।

ऊर्जा एजेंसी रिस्टैड ने बताया है कि कई देशों ने जोखिम भरी नई खोजों के बजाय लागत-प्रभावी 'बुनियादी ढांचा आधारित खोज' को प्राथमिकता दी है। भारत को दोनों की जरूरत है और इसलिए ओएनजीसी की बीपी और रिलायंस के साथ सौराष्ट्र के समुद्री तट पर एक संभावित ब्लॉक के अन्वेषण के लिए हाल में हुए एक और समझौते की घोषणा उत्साहजनक है।

पाकिस्तान के सिंधु घाटी से लेकर कच्छ/सौराष्ट्र तक फैले समुद्री क्षेत्र को संभावित तेल क्षेत्र माना जाता है, हालांकि अभी तक यहां व्यावसायिक स्तर पर कोई खोज नहीं हो पाई है। वर्ष 2024 में, कुछ संदिग्ध रिपोर्ट सामने आईं कि पाकिस्तानी जलक्षेत्र में तेल की बड़ी संभावना है जो एक अज्ञात 'दोस्त देश' के साथ किए गए लंबे सर्वेक्षणों पर आधारित थी जिसके बारे में माना जाता है कि यह देश तुर्किये है।

ट्रंप ने पाकिस्तान की क्षमता के बारे में कोई नया मूल्यांकन नहीं किया है। हालांकि, उनकी इस बात को महज अज्ञानता भरी बयानबाजी के रूप में नजरअंदाज करना हमें कहीं का नहीं छोड़ेगा। इसके बजाय तेल की अधिक खोज करना ही हमें आगे ले जाएगा।

*(लेखक विदेश सचिव रह चुके हैं)*

AAJ SAMAJ, Delhi, 25.8.2025
Page No. 11, Size:(10.93)cms X (15.44)cms.

# तेल कंपनियों में बीपीसीएल ने पहली तिमाही में किया शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। इसकी वजह डीजल और पेट्रोल की बिक्री पर अच्छा मार्जिन रहना था। चालू वित्त वर्ष अप्रैल-जून अवधि के दौरान भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने 6,124 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। इस दौरान आकार में करीब दोगुनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने 5,689 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज किया है। वहीं, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पहली तिमाही में 4,371 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। बीपीसीएल , आईओसीएल और एचपीसीएल ने पहली तिमाही में संयुक्त रूप से 16,184 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है, जो कि सालाना आधार पर दोगुने से अधिक है। तीनों सरकारी तेल कंपनियों में बीपीसीएल के अधिक मुनाफा कमाने की वजह अधिक रिफाइनिंग मार्जिन और परिचालन क्षमता का सही उपयोग था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में बीपीसीएल का रिफाइनिंग मार्जिन प्रत्येक क्रूड ऑयल के बैरल पर 4.88 डॉलर रहा है, जबकि आईओसीएल और एचपीसीएल के लिए यह क्रमशः 2.15 डॉलर प्रति बैरल और 3.08 डॉलर प्रति बैरल था। इस दौरान बीपीसीएल का रिफाइनरी रन रेट 118 प्रतिशत, जबकि आईओसीएल का 107 प्रतिशत और एचपीसीएल का 109 प्रतिशत था, जो बेहतर परिचालन क्षमता को दिखाता है। प्रति पंप ईंधन बिक्री में भी बीपीसीएल ने आईओसीएल से अच्छा प्रदर्शन किया है।

# बीपीसीएल ने पहली तिमाही में इंडियन ऑयल को भी पछाड़ा

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। सरकारी तेल कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। इसकी वजह डीजल और पेट्रोल की बिक्री पर अच्छा मार्जिन रहना था।

चालू वित्त वर्ष अप्रैल-जून अवधि के दौरान भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने 6,124 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। इस दौरान आकार में करीब दोगुनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने 5,689 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज किया है। वहीं, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पहली तिमाही में 4,371 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। बीपीसीएल, आईओसीएल और एचपीसीएल ने पहली तिमाही में संयुक्त रूप से 16,184 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है, जो कि सालाना आधार पर दोगुने से अधिक है। तीनों सरकारी तेल कंपनियों में बीपीसीएल के अधिक मुनाफा कमाने की वजह अधिक रिफाइनिंग मार्जिन और परिचालन क्षमता का सही उपयोग था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में

### ■ प्रति पंप ईंधन बिक्री में भी बीपीसीएल ने किया आईओसीएल से अच्छा प्रदर्शन

बीपीसीएल का रिफाइनिंग मार्जिन प्रत्येक क्रूड ऑयल के बैरल पर 4.88 डॉलर रहा है, जबकि आईओसीएल और एचपीसीएल के लिए यह क्रमशः 2.15 डॉलर प्रति बैरल और 3.08 डॉलर प्रति बैरल था। इस दौरान बीपीसीएल का रिफाइनरी रन रेट 118 प्रतिशत, जबकि आईओसीएल का 107 प्रतिशत और एचपीसीएल का 109 प्रतिशत था, जो बेहतर परिचालन क्षमता को दिखाता है। प्रति पंप ईंधन बिक्री में भी बीपीसीएल ने आईओसीएल से अच्छा प्रदर्शन किया है।

NAVODYA TIMES, Delhi, 25.8.2025
Page No. 9, Size:(10.93)cms X (15.44)cms.

# बी.पी.सी.एल. ने पहली तिमाही में किया बेहतर प्रदर्शन

नई दिल्ली (एजेंसी): सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कम्पनियों ने जून तिमाही में अच्छा मुनाफा दर्ज किया। इस दौरान खुदरा कीमतों के स्थिर रहने से पैट्रोल और डीजल के मार्जिन में बढ़ौतरी हुई और पहले के बचे हुए भंडार पर घाटे की भरपाई हो गई कम्पनियों द्वारा दी जानकारी के मुताबिक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आई.ओ.सी.), भारत पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बी.पी.सी.एल.) और हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एच.पी.सी.एल.) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 16,184 करोड़ रुपए का कुल लाभ दर्ज किया।

यह आंकड़ा सालाना आधार पर अढ़ाई गुना से भी अधिक है। इन तीनों कम्पनियों में बी.पी.सी.एल. 6,124 करोड़ रुपए के लाभ के साथ सबसे आगे रही।

VIRAT VAIBHAV, Delhi, 25.8.2025
Page No. 15, Size:(7.13)cms X (30.82)cms.

# बीपीसीएल ने प्रतिद्वंद्वी सार्वजनिक उपक्रमों से बेहतर प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों ने जून तिमाही में अच्छा मुनाफा दर्ज किया। इस दौरान खुदरा कीमतों के स्थिर रहने से पेट्रोल और डीजल के मार्जिन में बढ़ोतरी हुई और पहले के बचे हुए भंडार पर घाटे की भरपाई हो गई। कंपनियों द्वारा शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 16,184 करोड़ रुपए का कुल लाभ दर्ज किया। यह आंकड़ा सालाना आधार पर ढाई गुना से भी अधिक है। इन तीनों कंपनियों में बीपीसीएल 6,124 करोड़ रुपए के लाभ के साथ सबसे आगे रही। इसके बाद आईओसी का 5,689 करोड़ रुपए के साथ स्थान रहा। एचपीसीएल ने पहली तिमाही में 4,371 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

VIRAT VAIBHAV, Delhi, 25.8.2025
Page No. 7, Size:(28.55)cms X (10.85)cms.

# भारत रूसी तेल की खरीद से जुड़ी ट्रंप की चिंताओं को गंभीरता से ले : निक्की हेली



**एजेंसी** ▪ न्यूयॉर्क

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा है कि भारत को रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चिंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए और इस मुद्दे का समाधान निकालने के लिए व्हाइट हाउस के साथ मिलकर काम करना चाहिए। ट्रंप प्रशासन रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत की कड़ी आलोचना करता रहा है। दिलचस्प बात यह है कि वाशिंगटन रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक चीन की आलोचना नहीं कर रहा है।

रूस से कच्चे तेल की अपनी खरीद का बचाव करते हुए भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है।

भारतीय मूल की रिपब्लिकन नेता हेली ने शनिवार को एक्स पर चार दिन पहले न्यूजवीक के लिए लिखे अपने लेख का एक अंश पोस्ट किया। साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर ने सोशल मीडिया पर नई दिल्ली से रूसी कच्चे तेल पर राष्ट्रपति ट्रंप की चिंताओं को गंभीरता से लेने का आग्रह करते हुए यह पोस्ट ऐसे समय किया है जब इस लेख के बाद उन्हें अपनी पार्टी के भीतर आलोचना का सामना करना पड़ा है।

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा कि भारत को रूसी तेल पर ट्रंप की बात को गंभीरता से लेना चाहिए और समाधान खोजने के लिए व्हाइट हाउस के साथ काम करना चाहिए।

हेली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, व्यापार संबंधी मतभेदों और रूसी तेल आयात जैसे मुद्दों से निपटने के लिए कठोर बातचीत की आवश्यकता है।

उनका लेख राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में आए तनाव पर था।हेली को दोनों देशों के बीच शुल्क को लेकर तनाव के बीच भारत का पक्ष लेने के लिए अपनी पार्टी के भीतर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने अपने लेख में कहा था कि भारत के साथ एक अहम स्वतंत्र और लोकतांत्रिक साझेदार की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए, न कि चीन जैसे विरोधी की तरह। हेली ने लिखा, एशिया में चीनी प्रभुत्व को चुनौती देने वाले एकमात्र देश के साथ 25 वर्षों की गति को बाधित करना एक रणनीतिक आपदा होगा। उन्होंने विश्व के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों, भारत और अमेरिका के बीच दशकों पुरानी मित्रता और सद्भावना पर प्रकाश डाला। हेली ने कहा, यह मौजूदा उथल-पुथल से आगे बढ़ने के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत को सबसे महत्वपूर्ण बात, यानी हमारे साझा लक्ष्यों को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। चीन का सामना करने के लिए अमेरिका के पास भारत के रूप में एक मित्र होना चाहिए। हेली ने अपने लेख में कहा, भारत अकेले ही चीन जैसे पैमाने पर उन उत्पादों का निर्माण करने की क्षमता रखता है, जिनका यहां (अमेरिका में) शीघ्रता से या कुशलतापूर्वक उत्पादन नहीं किया जा सकता।

ट्रंप के राष्ट्रपति के तौर पर पहले कार्यकाल में साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हेली संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत थीं और अमेरिकी प्रशासन में कैबिनेट स्तर के पद पर नियुक्त होने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बनीं।

# राजस्थानः पचपदरा रिफाइनरी... 90 फीसदी निर्माण पूरा, दिसंबर से क्रूड ऑयल से रिफाइंड की प्रक्रिया भी शुरू होगी

जयपुर| बालोतरा में पचपदरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) के निर्माण का काम 6 माह में पूरा हो जाएगा। इसका एक भाग दिसंबर से शुरू भी हो जाएगा, यानी क्रूड ऑयल से रिफाइंड होने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। राज्य सरकार और एचपीसीएल के जॉइंट वेंचर में रिफाइनरी लगभग 6 माह बाद पूरी तरह से काम करने लगेगी।

- रिफाइनरी निर्माण का 90% काम पूरा हो चुका। इसमें राज्य सरकार की 26%, एचपीसीएल की 74% हिस्सेदारी है। रिफाइनरी की कुल क्षमता 9 मिलियन टन प्रतिवर्ष की है।
- राज्य को प्रतिवर्ष 4000 करोड़ रुपए वैट के रूप में अतिरिक्त मिलेंगे। अभी बाड़मेर में केयर्न एनर्जी की यूनिट से 60 हजार बैरल प्रतिदिन क्रूड ऑयल निकल रहा है, जो गुजरात रिफाइनरी को भेजा जा रहा है।

RASHTRIYA SAHARA, Delhi, 25.8.2025
Page No. 9, Size:(21.68)cms X (16.01)cms.

# रूसी तेल पर ट्रंप के विचारों को भारत गंभीरता से ले : निक्की हेली

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा कि भारत को रूसी तेल पर ट्रंप की बात को गंभीरता से लेना चाहिए। साथ ही हेली ने कहा कि भारत को समाधान खोजने के लिए व्हाइट हाउस के साथ काम करना चाहिए।

हेली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''व्यापार संबंधी मतभेदों और रूसी तेल आयात जैसे मुद्दों से निपटने के लिए कठोर बातचीत की आवश्यकता है।'' उन्होंने 'एक्स' पर उस लेख का एक अंश पोस्ट किया, जो उन्होंने पिछले सप्ताह न्यूजवीक के लिए लिखा था। यह लेख राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में आए तनाव पर था।

हेली को दोनों देशों के बीच शुल्क को लेकर तनाव के बीच भारत का पक्ष लेने के लिए अपनी पार्टी के भीतर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अपने लेख में हेली ने कहा, ''भारत रूस से भारी तेल खरीद रहा है, जिसे लेकर ट्रंप निशाना साध रहे है, जो सही है। इससे व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए धन जुटाने में मदद मिल रही है।'' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि भारत के साथ एक ''अहम स्वतंत्र और लोकतांत्रिक साझेदार की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए, न कि चीन जैसे विरोधी की तरह।'' हेली ने विश्व के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों, भारत और अमेरिका के बीच दशकों पुरानी 'मित्रता और सद्भावना' पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, ''यह मौजूदा उथल-पुथल से आगे बढ़ने के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है।' हेली ने कहा कि अमेरिका और भारत को ''सबसे महत्वपूर्ण बात, यानी हमारे साझा लक्ष्यों को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। चीन का सामना करने के लिए अमेरिका के पास भारत के रूप में एक मित्र होना चाहिए।''

हेली ने अपने लेख में कहा, ''भारत अकेले ही चीन जैसे पैमाने पर उन उत्पादों का निर्माण करने की क्षमता रखता है, जिनका यहां (अमेरिका में) शीघ्रता से या कुशलतापूर्वक उत्पादन नहीं किया जा सकता।'' साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हेली, ट्रंप के राष्ट्रपति के तौर पर पहले कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत थी और अमेरिकी प्रशासन में कैबिनेट स्तर के पद पर नियुक्त होने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बनीं।